तापमान

अधिकतम 41 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 19 मई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 जनवरी 2020 में जन्मे बच्चों का नहीं बन पा रहा डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र




## खबर संक्षेप

### डिजिटल सुशासन को मिलेगा नया विस्तार

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश में डिजिटल नागरिक सेवाओं को और अधिक सशक्त, व्यापक एवं प्रभावी बनाने की दिशा में निर्णय लेते हुए वर्तमान में संचालित सभी लोक सेवा केन्द्रों का उन्नयन कर उन्हें अब सेवा-सेतु केन्द्र के रूप में संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को अधिकाधिक शासकीय सेवाएं एकीकृत डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराना तथा सेवा वितरण प्रणाली को अधिक सुगम, पारदर्शी और आधुनिक बनाना है। सेवा-सेतु केन्द्रों के रूप में उन्नयन के बाद यह संख्या बढ़ाकर 442 डिजिटल सेवाएं कर दी गई है, इससे आम नागरिकों को प्रमाण पत्र, पंजीयन, आवेदन, शासकीय योजनाओं एवं विभिन्न विभागीय सेवाओं का लाभ एक ही मंच पर अधिक व्यापक रूप में उपलब्ध हो सकेगा।

### शासकीय व्यय में मितव्ययिता पर व्यापक निर्देश जारी

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य शासन ने वित्तीय संसाधनों के कुशल प्रबंधन, सार्वजनिक व्यय में नियंत्रण तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक जिम्मेदार, डिजिटल और संसाधन-संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से शासकीय व्यय में मितव्ययिता एवं वित्तीय अनुशासन संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए हैं। इन निर्देशों का उद्देश्य सरकारी खर्चों में अनावश्यक व्यय पर नियंत्रण, ऊर्जा संरक्षण, ईंधन बचत और डिजिटल कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देना है। राज्य शासन द्वारा जारी-निर्देशों के अनुसार 30 सितंबर तक सभी विभागों, निगमों, मंडलों, आयोगों एवं शासकीय संस्थाओं को इन नियमों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

### शशांक पोद्दार ने अर्जित किया 92 प्रतिशत अंक

**मनेन्द्रगढ़।** सीबीएसई कक्षा 12 वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में







एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कॉमर्स, गणित एवं बायोलॉजी संकाय के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर अपनी कीा। कॉमर्स संकाय के मेधावी छात्र शशांक पोद्दार ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे। कॉमर्स संकाय के प्रत्यूष बोथरा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं गणित संकाय के अरकम खान 86 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता के लिए विद्यालय के शिक्षक-अभिभावक एवं दिन-रात कड़ी मेहनत का प्रतिफल बताया।

## पाइपलाइन जगह-जगह लीकेज, काम अधूरा छोड़ गायब हुआ ठेकेदार

# टंकी में पानी फिर भी बरबसपुर के घर सूखे



शो पीस बनी पानी टंकी।



सूखा स्टैंड पोस्ट।



व्यर्थ में बहता है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/बरबसपुर

एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर में शासन की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना अनियमितता और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। गांव में पानी की टंकी बनकर पूरी तरह तैयार है और उसमें नियमित पानी भी पहुंच रहा है, लेकिन ग्रामीणों के घरों तक आज तक जल सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। भीषण गर्मी के बीच लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं, जबकि लाखों रुपए की योजना गांव में केवल शोपीस बनकर रह गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी तक पानी पहुंचाने के लिए बिछाई गई पाइपलाइन जगह-जगह से लीकेज हो चुकी है। कई स्थानों पर पाइप फटने से लगातार पानी बह रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी ओर गांव के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन द्वारा बड़े स्तर पर नल-जल योजना की शुरूआत की गई थी और गांव में घर-घर नल लगाने का काम भी किया गया, लेकिन अधिकांश नलों में आज तक कनेक्शन ही नहीं जोड़ा गया। हालत यह है कि गांव में लगाए गए नल अब केवल स्टैचू बनकर खड़े हैं और धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस ठेकेदार को योजना का कार्य दिया गया था, उसने अधूरा काम छोड़ दिया और उसके बाद दोबारा गांव की ओर मुड़कर नहीं देखा। योजना अधर में लटकी हुई है, जबकि शासन-प्रशासन भी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे हुए है। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच पानी संकट ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल पाइपलाइन की मरम्मत कराकर घरों तक जल सप्लाई शुरू कराए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। गांववासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। कुल मिलाकर ग्राम पंचायत बरबसपुर में शासन की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना ग्रामीणों के लिए राहत बनने के बजाय परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है।

■ भीषण गर्मी में पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण

### व्यर्थ में बह रहा पानी

ग्रामीणों के अनुसार टंकी तक पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइन जगह-जगह से लीकेज हो चुकी है। कई स्थानों पर पाइप फटने से लगातार पानी बह रहा है और रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन आंखें मूंदे बैठे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पाइपलाइन की मरम्मत कर सप्लाई शुरू कर दी जाती तो गर्मी में राहत मिल सकती थी।

### लंबे समय से ठेकेदार गायब-

ग्रामीणों का आरोप है कि योजना का काम करने वाला ठेकेदार अधूरा निर्माण छोड़कर गायब हो गया, लेकिन उसके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ हैंडपंपों में भी पानी कम हो रहा है, जिससे पेयजल संकट गहराता जा रहा है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि शासन द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।



# ओदारी नदी में छापा, 9 हाइवा और चेन माउंटेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले में अवैध रेत खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रूख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायत घटई, तहसील भरतपुर स्थित ओदारी नदी क्षेत्र में संयुक्त छापामार अभियान चलाकर अवैध खनन गतिविधियों पर बड़ा प्रहार किया।

जिला स्तरीय टास्क फोर्स, खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। इस कार्रवाई में अवैध रेत उत्खन्न में प्रयुक्त एक चैन माउंटेन मशीन तथा रेत परिवहन में लगे 9 हाईवा वाहनों को मौके से जब्त किया गया। प्रशासनिक जांच में पाया गया कि संबंधित स्थल पर खनन कार्य निर्धारित नियमों एवं वैधानिक प्रावधानों के विपरीत संचालित किया जा रहा था। प्रशासन की इस सुनियोजित कार्रवाई के बाद अवैध रेत कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई। बताया गया कि जब्त किए गए सभी वाहन एवं मशीनरी को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई तक ग्राम पंचायत घटई की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखा गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं खनिज परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध खनिज एवं विनियमन अधिनियम 1957 तथा छग गौण खनिज नियम 2015 के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि नियमों की अनदेखी कर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने दो टूक संदेश दिया है कि जिले में प्राकृतिक संसाधनों की अवैध लूट पर अब लगातार निगरानी रखी जाएगी और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे अवैध खनन, परिवहन या प्राकृतिक संसाधनों के दुरूपयोग से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि जिले में संसाधनों के संरक्षण और कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सके।

■ अवैध रेत खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन



**बैकुण्ठपुर।** पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों एवं खाद्य सामग्री में हो रही बेतहाशा महंगाई के विरोध में सोमवार को कांग्रेस सड़क पर उतर आई। बैकुंठपुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा में जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन पेट्रोल पंप बैकुंठपुर का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र की मोदी सरकार एवं भाजपा की डबल इंजन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की। इसके पश्चात खाद्य सामग्री के लगातार बढ़ते दामों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैकुंठपुर द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है और गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, राशन सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष आशीष यादव, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह अजय सिंह, गणेश राजवाड़े विकाश श्रीवास्तव संगीता रवि राजवाड़े, रकीब बेगम, सौरभ गुप्ता दीपक गुप्ता, अंकित गुप्ता, यूसुफ, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, रामकुमार यादव, रियाजुउद्दीन, अनिल सिंह, राकेश जायसवाल, रामसाय सोरी, बसंत सिंह, अजीमुल्ला, शशि मांझी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

■ पुलिस लाइन पेट्रोल पंप का घेराव कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

# अनूपपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: एक करोड़ का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर

जिले की रामनगर थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 225.740 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 12 लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।





जानकारी के अनुसार 17 मई की शाम रामनगर थाना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि छग के मरवाही क्षेत्र से एक बिना नंबर की सफेद किआ सोनेट कार में भारी मात्रा में गांजा भरकर शहडोल की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने ग्राम फुलवारीटोला मार्ग पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद संदिग्ध कार तेज रफ्तार में आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर तस्करों ने वाहन मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन तेज गति के कारण चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। हादसे के बाद कार में सवार दो युवकों में से एक जंगल की ओर भाग निकला, जबकि पुलिस ने चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुमित मिश्रा उर्फ बेटू उम्र 23 निवासी शांतिनगर अनूपपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में क्षतिग्रस्त कार की तलाशी ली, जिसमें सीटों के नीचे और गुप्त चैंबरों में छिपाकर रखे गए गांजे के पैकेट बरामद हुए। जांच में सामने आया कि तस्करी में इस्तेमाल की गई किआ सोनेट कार महज 18 दिन पहले, 29 अप्रैल को खरीदी गई थी। पुलिस को चकमा देने के लिए वाहन पर नंबर प्लेट भी नहीं लगाई गई थी। रामनगर थाना पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 225.740 किलो गांजा, करीब 10 लाख रूपए कीमत की कार और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब फरार आरोपी और ⏭ शेष पेज 4 पर

# गर्ल्स कॉलेज बैकुंठपुर का प्राध्यापकों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बीते 16 मई समझौता ज्ञापन एमओयू के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय सोनहत के प्राध्यापकों द्वारा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया गया।



इस अवसर पर सोनहत महाविद्यालय से वाणिज्य विभाग की शैबुननिशा एवं प्रिया साहू, अंग्रेजी विभाग की श्रीमती सरस्वती टोप्पो, वनस्पति शास्त्र विभाग की सुश्री कविता तथा प्रयोगशाला तकनीशियन श्रीमती मधु यादव उपस्थित रहीं। भ्रमण के दौरान आगंतुक शिक्षकों को महाविद्यालय में स्थित प्राणीशास्त्र संग्रहालय, रसायन, वनस्पति एवं जंतु विज्ञान विभाग की प्रयोगशालाओं तथा एनएसएस प्रशिक्षण कक्ष का अवलोकन कराया गया। इसके साथ ही बॉटनिकल गार्डन, पर्यावरण कक्ष, शैक्षणिक उन्नयन नवाचार कक्ष, आईक्यूएसी कक्ष, मशरूम उत्पादन कक्ष, स्पोर्ट्स कक्ष तथा परास्नातक कक्षाओं में कराए गए सोशल आउटरिच परियोजना कार्य एवं लघु शोध प्रबंधों की जानकारी भी दी गई। आगंतुकों ने इनडोर स्टेडियम का भी भ्रमण किया। यह शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के निर्देशन एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रसायन शास्त्र विभाग की डॉ. ऋचा श्रीवास्तव एवं हिंदी विभाग के डॉ. ज्ञान चंद्र पाल ने आगंतुक शिक्षकों को विभिन्न विभागों एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।

सोनहत महाविद्यालय से आए शिक्षकों ने कन्या महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, व्यवस्थाओं एवं स्टाफ की सराहना की।

### आईआईएम में सहायक प्राध्यापक बने चतुर्वेदी

**अंबिकापुर।** शहर के युवा शिक्षाविद एवं शोधकर्ता डॉ. अनुराग चतुर्वेदी का



चयन देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची में रणनीति एवं उद्यमिता क्षेत्र में सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ है। डॉ. अनुराग की प्रारंभिक शिक्षा कार्मल स्कूल, अंबिकापुर से हुई। इसके बाद उन्होंने जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हैदराबाद से बीटेक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला से एमबीए तथा प्रबंधन विकास संस्थान, गुरुग्राम से रणनीतिक प्रबंधन विषय में पीएचडी पूर्ण की।

## रामभद्राचार्य महाराज ने दिया अहंकार त्यागने का संदेश

# संगीतमयी श्रीराम कथा के दूसरे दिन गूंजा शिव चरित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम चिरमिरी में आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा के दूसरे दिन जगद्गुरू स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने शिव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार और सत्संग का महत्व बताया। कथा में काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।







महाराज ने माता सती, राजा दक्ष प्रजापति और भगवान शिव से जुड़ी कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान करने के उद्देश्य से महायज्ञ का आयोजन किया, जिसमें शिवजी को छोड़ सभी देवताओं को आमंत्रित किया गया। भगवान शिव के मना करने के बावजूद माता सती पिता के घर पहुंचीं, जहां शिवजी के अपमान से व्यथित होकर उन्होंने हवन कुंड में स्वयं को अग्नि को समर्पित कर दिया। इसके बाद भगवान शिव के गणों ने यज्ञ स्थल को तहस-नहस कर दिया और तीनों लोक शिव के क्रोध का सामना करने लगे। कथा के दौरान स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि जब जीवन में कोई साथ नहीं देता, तब कथा ही मनुष्य का मार्गदर्शन करती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान की भक्ति को जीवन का आधार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि भक्ति ही लोक और परलोक दोनों को सुधारने का माध्यम है। उन्होंने अहंकार को विनाश का कारण बताते हुए कहा कि घमंड आने पर व्यक्ति सही और गलत का भेद भूल जाता है, जिससे उसके बने-बनाए कार्य भी बिगड़ जाते हैं। महाराज ने दक्ष प्रजापति की घटना का उल्लेख करते हुए लोगों को अहंकार से दूर रहने की सीख दी। कथा में भक्ति, सत्संग और संस्कारों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि विवाह एक पवित्र संस्कार है, लेकिन आधुनिक समय में लोग संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे जीव के बिना शरीर निरर्थक है, वैसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं है। स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र जाप का महत्व बताते हुए कहा कि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है और भक्ति में किसी भी प्रकार का बाहरी दिखावा नहीं होना चाहिए। कथा के दौरान शिव बारात का मनमोहक वर्णन किया गया। भूत-प्रेतों की टोली के साथ ⏭ शेष पेज 4 पर




## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी खुले रहेंगे स्कूलों के कार्यालय, डीईओ ने जारी किया आदेश

**बिश्रामपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के कार्यालय खुले रहेंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी निर्देश में सभी प्राचार्यों को कहा गया है कि विद्यार्थियों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी), अंकसूची वितरण तथा अभिभावकों द्वारा मांगे जाने वाले अन्य दस्तावेज एवं अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय कार्यालय नियमित रूप से संचालित किए जाएं। आदेश के अनुसार प्रत्येक कार्यदिवस में स्कूल कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे तथा आवश्यक कार्यालयीन कार्यों का संपादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अवकाश अवधि में भी कार्यालय व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाए। आदेश की प्रतिलिपि कलेक्टर सूरजपुर, संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग अंबिकापुर तथा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को भी भेजी गई है। इधर आदेश जारी होने के बाद कई प्राचार्यों ने व्यावहारिक समस्याएं सामने रखी हैं। प्राचार्यों का कहना है कि जिले के अधिकांश हाई स्कूल एवं कई हायर सेकेंडरी स्कूलों में क्लर्क, चपरासी और सफाई कर्मियों के पद रिक्त हैं। ऐसे में सीमित स्टाफ के बीच कार्यालय खोलना, साफ-सफाई कराना और सभी प्रशासनिक कार्यों का संचालन करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। कुछ प्राचार्यों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि जिले में लगभग 80 प्रतिशत हाई स्कूल और 20 प्रतिशत हायर सेकेंडरी स्कूल ऐसे हैं जहां सहायक कर्मचारियों की कमी बनी हुई है।

### युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय के जन्मोत्सव पर कार्यकर्ताओं ने किया सेवा कार्य



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के जन्मदिवस पर जनकल्याण एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अवसर पर गांधी स्टेडियम में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां वितरित की गई।इसके पश्चात शासकीय पशु चिकित्सालय के गौ आश्रम में गौ माता की सेवा की गई तथा गौवंश को हरा चारा एवं आवश्यक सामग्री प्रदान कर गौ संरक्षण का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति, आस्था एवं संवेदनशीलता का प्रतीक है। लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के ठेला एवं रेहड़ी व्यवसायियों को छाता वितरित किया गया।इस दौरान मंटू शुक्ला,अंशुल श्रीवास्तव,दीपक यादव,सौरभ मिश्रा,अमोघ कश्यप,शानू कश्यप,हर्ष जायसवाल,श्रीधर केशरी विकास शुक्ल चंदन,मनीष दूबे,अभिनंदन सिंह, प्रिंस चौबे,इलू गुप्ता,विक्कू सोनी अंकित सिंह,मनीष सिंह,रोहित कुशवाह लल्ला सहित अन्य उपस्थित थे।

### कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव

**अम्बिकापुर।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव का शुभारंभ आज मंलल कलश पूजन एवं शोभा यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा 17 मई की सुबह राम मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल क्षत्रिय भवन अग्रसेन वार्ड पहुंची। जहां विविध श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास द्वारा आचार्य कृष्ण रेणु गोविंद प्रपन्नाचार्य द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। 17 मई को शोभा यात्रा, गणेश पूजन, पुराण प्रतिष्ठान पूजन, कलश यात्रा मंगलाचरण एवं कथा प्रारंभ हुआ। 18 मई को कुंती एवं भीष्म चरित्र, शुकदेव जन्म, परीक्षित-शुकदेव कथा 19 मई को त्रष्णदेव चरित, जड़ भारत चरित, राहुगण संवाद 20 मई को समुद्र मंथन, वामन चरित्र, रामजन्म एवं कृष्ण जन्मोत्सव 21 मई को पुतना उद्वार, कृष्ण बाल लीला कालियामर्दन, गोर्वधन पूजन 22 मई को रास लीला, मधुरागमन, कंसवध जरासंध युद्ध, रूक्मणी विवाह 23 मई को द्वारिका लीला, शिशुपाल वध, सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय चरित्र कृष्ण उद्वव संवाद तथा 24 मई को विष्णु सहस्त्रानाम, 108 तुलसी अर्चना, हवन एवं पूर्णाहुति, संत ब्राम्हण सेवा एवं प्रसाद वितरण के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव का समापन होगा।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पन्द्रह दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग प्रारंभ

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांत का पन्द्रह दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष सामान्य का 16 मई से प्रारंभ होकर 1 जून को समापन होगा।आज संघ के क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल, वर्ग सर्वाधिकारी योगेश्वर प्रसाद सिंह एवं साधुराम विद्या मंदिर के संचालक राहुल अग्रवाल द्वारा भारत माता,डॉक्टर केशवराव हेडगेवार, माधवराव गोलवरकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन सत्र का शुभारंभ किया। संघ शिक्षा वर्ग का उद्घाटन साधुराम विद्या मंदिर में क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल ने संघ शिक्षा वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को चर्चा सत्र पर सामूहिक जीवन का महत्व एवं आनंद विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन को सफल एवं अनुशासित बनाने हेतु समय पालन एवं कर्तव्य पालन अति आवश्यक है। साधु राम विद्या मंदिर के संचालक राहुल अग्रवाल ने कहा कि आज देश को संघ की आवश्यकता है, संघ के इस राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनने पर हमें गर्व महसूस हो रहा है। छत्तीसगढ़ प्रांत के सभी जिलों से 197 प्रशिक्षणार्थी पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण वर्ग में शिक्षक सहित व्यवस्था प्रबंधन में 100 स्वयंसेवक समर्पण भाव से सेवा प्रदान कर रहे है,प्रशिक्षण वर्ग का समापन 1 जून को होगा।

## अधिकारियों ने खोजे तीन प्राकृतिक जल स्रोत

# भकुरा परिसर में नहीं है पर्याप्त पानी की व्यवस्था अब ढोढ़ी से प्यास बुझाने की जुगत में जुटा प्रबंधन



प्रशासनिक भवन।



विवि परिसर स्थित प्राकृतिक ढोढ़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्थापना के 16 साल बाद भी संत गहिरा गुरू विवि के भकुरा परिसर में पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो सकी है। उपलब्ध पानी से वर्तमान की जरूरतें तो जैसे तैसे पूरी हो जा रही है। लेकिन शैक्षणिक विभागों के परिसर में स्थानांतरित होते एवं आवासीय व्यवस्था के लिए समय रहते पानी उपलब्ध नहीं हुआ तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**खास बात**

- अन्य विकल्पों पर भी चल रही चर्चा

अभी संत गहिरा गुरू विवि के भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। विवि के अधिकारी इस बार अधूरे भवनों के लिए राशि की स्वीकृति मिलने की उम्मीदें लगाए बैठे थे। बजट में राशि की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण अधिकारी-कर्मचारी निराश है। अधूरी संरचनाओं को दुरूस्त करने के साथ ही अन्य आवश्यक कार्यों को पूरा करने के उद्देश्य से पिछले एक साल से प्रशासनिक कार्यालय सहित अन्य संबंधित विभागों का संचालन भकुरा परिसर में ही किया जा रहा है। शासन द्वारा भवनों की स्वीकृति के दौरान जलागार निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान की गई थी। शासन द्वारा पेयजल व्यवस्था के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को राशि प्रदान की गई थी। भवन निर्माण प्रारंभ होने के पूर्व पीएचई ने निर्माण स्थल सहित आसपास के क्षेत्रों में ट्यूबवेल खनन कराया था लेकिन मात्र तीन बोर ही सफल निकले थे। इन तीन ट्यूबवेल में से एक में तो पर्याप्त पानी है लेकिन दो बोर से कुछ ही समय पानी मिल पाता है। कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी लम्बे समय से परिसर में ही निवास कर रहे है। कुलपति डॉ.राजेन्द्र लाकपाले भी अपने बंगले के अधूरे कार्यों को पूरा होते ही परिसर में ही रहने की तैयारी में है। अभी आवासीय भवनों का पूरा नहीं हो सका है लेकिन आवश्यकताओं को देखते ही सुरक्षाकर्मियों सहित अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के भी परिसर में ही निवास करने की तैयारी है। प्रशासनिक कार्यालय सहित ट्यूबवेल से आवासीय परिसर की दूरी अधिक होने के कारण पेयजल की व्यवस्था बड़ी चुनौती बनी हुई है। ऐसे में विवि प्रबंधन अब पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था करने में जुटा है। पानी की पर्याप्त व्यवस्था किए बिना परिसर के आबाद करना कठिन है। ऐसे में विवि प्रबंधन अन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है।

### सर्वे में मिली तीन स्थानों पर ढोढ़ी

विवि के अधिकारी-कर्मचारी भकुरा के विशाल पहाड़ी परिसर का स्वयं सर्वेक्षण कर रहे है। खाई एवं पहाड़ी के बीच अधिकारियों ने अपने सर्वेक्षण में अब तक तीन स्थानों पर प्राकृतिक जल स्त्रोत ढूंढा है। इन जलस्रोतों से पूरे साल भूगर्भ से प्राकृतिक पानी निकलते रहता है। ऐसे प्राकृतिक जल स्रोतों को सरगुजा में ढोढ़ी के नाम से जाना जाता है। एक समृद्ध ढोढ़ी विवि के मुख्य द्वार से कुछ दूरी पर है। इस ढोढ़ी से 24 घंटे पानी बहते रहता है। परिसर में पहाड़ों के बीच 35-40 फीट गहरी तीन खाइयां है। इन खाइयों में भी दो प्राकृतिक जलश्रोत मिले है। परिसर में अन्य स्थानों पर भी प्राकृतिक जल स्रोत हैं लेकिन पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। अधिकारी इन प्राकृतिक जल स्रोतों को घेरकर विशाल कुआं बनवाने की जुगत में है। अधिकारी इस संबंध में कई विशेषज्ञों से सलाह भी ले चुके हैं तथा कई विशेषज्ञ स्थल का भी निरीक्षण कर चुके हैं। इसके लिए विवि द्वारा रांची से कुछ विशेषज्ञ कारीगरों को भी बुलाया गया है।

#### खाई को बांधने की भी योजना

पानी की उपलब्धता के लिए भकुरा परिसर में पहाड़ी के बीच स्थित खाइयों को बांधने पर भी चर्चा चल रही है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बरसात में ये खाइयां पानी से लबालब हो जाती है नाले का रूप ले लेती है। इन खाइयों के दोनों तरफ मजबूत दीवार खड़ी कर दी जाए तो बरसात का पानी पूरे साल मौजूद रहगा तथा पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण परिसर में पर्याप्त पत्थर भी हैं। रासेयो द्वारा हर साल शिविर लगाकर ऐसे जलश्रोतों को दुरुस्त किया जाता है। विवि के अधिकारी रासेयो शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों के श्रमदान से यह अनुकरणीय प्रयोग कर सकते हैं।

### भूगर्भ में नहीं है पानी

विवि का भकुरा परिसर पहाड़ी इलाका है। पहाड़ी पर ग्रेनाइट की चट्टाने हैं। भकुरा परिसर सहित आसपास के पहाड़ी क्षेत्र में भी पानी की समस्या है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने परिसर के अलग-अलग स्थानों पर लगभग एक दर्जन ट्यूबवेल खनन कराया लेकिन कहीं भी पानी नहीं निकला। नीचे पत्थर, कठोर चट्टाने होने के कारण ट्यूबवेल खनन में भी समस्या होती है। स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञ भी प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करने पर जोर दे रहे हैं। हालांकि इन संसाधनों को विकसित करने के लिए राशि की भी जरूरत पड़ेगी। मैदानी इलाकों की तुलना में पहाड़ी इलाकों को विकसित करने में ढाई-तीन गुना अधिक राशि की जरूरत पड़ती है। विवि प्रबंधन मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों के लिए पूरी तरह शासन पर निर्भर है।

### विकसित करने की है योजना

भकुरा परिसर में हमने तीन प्राकृतिक जल स्रोत तलाश किए हैं। इन प्राकृतिक स्रोतों के उपयोग के संबंध में कुछ विशेषज्ञों से सलाह भी लिया गया है। दानदाताओं के माध्यम से इन जल स्रोतों को विकसित कराने की योजना है। इस संबंध में कुछ विशेषज्ञ कारीगरों को भी बुलाया गया है। परिसर स्थित खाइयों को भी उपयोगी बनाने की दिशा में पहल चल रही है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी, कुलसचिव, एसजीजीयू



### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में दरिमा बीएमओ के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को ब्लॉक मुख्यालय अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक प्रांतीय अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय, संभागीय अध्यक्ष श्यामाकांत पाण्डेय, जिला अध्यक्ष धनेश प्रताप सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष ऋषिकेश कुशवाहा, संभागीय सचिव दुर्गेश त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत मरावी की उपस्थिति में हुई।

इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरिमा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध लगातार कर्मचारी विरोधी आदेश जारी करने, बिना कारण नोटिस देने, महिला कर्मचारियों के साथ अपमानजनक व्यवहार करने तथा ईएल,सीएल एवं अन्य अवकाश स्वीकृति में कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने संबंधी गंभीर शिकायतें रखी।इस विषय पर विस्तृत चर्चा उपरांत उपस्थित सदस्यों ने दरिमा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरिमा के विरुद्ध सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया साथ ही कर्मचारियों के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया। बैठक में शैलेंद्र कुमार भगत, डॉ. विजय शंकर पाण्डेय, शेखर गुप्ता, रविशंकर राकेश, श्रीमती लक्ष्मी बैरागी, श्रीमती किरण सोनी, श्रीमती सविता शर्मा, श्रीमती चंद्रकिरण सिन्हा, मक़सूद आलम,ताराचंद यादव, महेन्द्र कुमार सिंह, श्याम दास, बिन्धेश्वर लकड़ा, बालकृष्ण पैकरा, अंजनी दीक्षित, अमरेन्द्र सिन्हा आदि उपस्थित थे।



### गुणवत्ताहीन निर्माण पर ठेकेदार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ,बलरामपुर के कार्यपालन अभियंता ने ग्राम पुटसुरा में संचालित जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना के निर्माण में गंभीर अनियमितताओं को लेकर ठेकेदार मे. रवि रंजन कुमार राजा को कड़ी चेतावनी जारी की है।

राहुल गुप्ता की शिकायत एवं सहायक अभियंता की जांच रिपोर्ट में पाया गया कि योजना का कार्य अभी अधूरा है, बावजूद इसके सरपंच से यह कहलवाया गया कि सभी जगह पानी की सप्लाई शुरू हो चुकी है, जबकि वास्तविकता में अधिकांश बसाहटों में पानी चालू नहीं हुआ है। जांच में 120 के एल क्षमता की पानी टंकी में सीपेज पाया गया। टंकी की कलर कोटिंग एवं साफ-सफाई कार्य संतोषजनक नहीं मिला। बाउंड्रीवाल की फेसिंग जाली एवं एंगल की ऊंचाई मानक अनुरूप नहीं पाई गई।सेमरपारा में आंशिक रूप से पानी चालू मिला, जबकि अन्य बसाहटों में सप्लाई बंद मिली। महुआरीपारा में पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है न हीपुरानी क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत की गई। कई स्थानों पर एफएचटीसी टूटे पाए गए तथा कुछ घरों में एक से अधिक कनेक्शन मिले। स्टैंड पोस्ट निर्माण भी असंतोषजनक पाया गया। कार्यपालन अभियंता नेठेकेदार को सभी त्रुटियों को शीघ्र सुधारते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने तथा नियमानुसार ग्रामपंचायत को हैंडओवर करने निर्देशित किया है साथ ही नियमों की अवहेलना करने पर अनुबंध निरस्त कर अमानत राशि शासन के पक्ष में राजसात करने की चेतावनी दी है।यह मामला जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता एवं निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### सुरक्षा गार्डों ने लगाया आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना का आरोप

मनेन्द्रगढ़। जिले के केन्द्रीय विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में कार्यरत दो सुरक्षा गार्डों ने कंपनी प्रबंधन पर आर्थिक एवं मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में कर्मचारियों ने वेतन से अवैध वसूली, धमकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता अमन श्रीवास एवं अभिजीत बेहरा ने बताया कि वे पिछले 5 वर्षों से केन्द्रीय विद्यालय मनेन्द्रगढ़, रेलवे कॉलोनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते 15 माह से कंपनी से जुड़े कुछ अधिकारियों द्वारा उनसे लगातार आर्थिक शोषण किया जा रहा है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि कर्मचारियों का मासिक वेतन लगभग 21 हजार 760 रूपए बैंक खाते में जमा होता है, लेकिन उसमें से करीब 12 हजार रूपए प्रतिमाह रिश्वत के रूप में वापस लिए जाने का दबाव बनाया जाता रहा। विरोध करने पर नौकरी से निकालने, धमकाने तथा झूठे आरोप लगाने की बात भी शिकायत में कही गई है। पीड़ति कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनसे निजी कार्य भी करवाए जाते थे। साथ ही कंपनी प्रबंधन द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ति किए जाने की बात कही गई है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि अब तक उनसे लगभग ढाई से तीन लाख रूपए तक की राशि ली जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अन्य कर्मचारियों से भी इसी तरह वसूली की गई, लेकिन डर और दबाव के कारण वे खुलकर सामने नहीं आ पा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने बैंक ट्रांजेक्शन को रिश्वत लेन-देन का प्रमाण बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### गांव चपदा में शासकीय भूमि से अवैध कब्जा, ग्रामीणों ने अवैध कब्जा हटाने की मांग

**ओड़गी।** ग्राम पंचायत चपदा में स्थित शासकीय भूमि पर ग्राम पंचायत चपदा पंचायत भवन, उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन, माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला भवन बना हुआ है। उक्त शासकीय भूमि पर ग्राम पंचायत चपदा के निवासी मोहर साय आ. मानसाय, साधना कुर्रे पति पवन कुमार, जयप्रकाश आ. मोहर साय द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। साथ ही मोहर साय आ. मानसाय एवं साधना कुर्रे पति पवन कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण किया जा रहा है। जबकि उक्त भूमि पर ही जयप्रकाश आ. मोहर साय द्वारा कच्चा मकान निर्माण किया जा रहा है। अवैध निर्माण कार्य के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत चपदा द्वारा तहसील न्यायालय ओड़गी में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें तहसील न्यायालय द्वारा पत्र के माध्यम से हल्का पटवारी को भूमि से कब्जा हटाने हेतु आदेश दिया गया था। तहसील न्यायालय द्वारा मोहर साय आ. मानसाय एवं साधना कुर्रे पति पवन कुमार के भूमि में हो रहे प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य पर स्थगन दिया गया था। न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य जारी रखा गया है।

ग्राम पंचायत चपदा के ग्रामीणों ने कई बार भूमि पर हो रहे निर्माण पर रोक लगाने एवं अवैध निर्माण को हटाने हेतु तहसील एवं पुलिस चौकी से शिकायत की है। गांव के ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय भूमि पर ग्राम पंचायत चपदा का पंचायत भवन, उप स्वास्थ केन्द्र माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला भवन बना हुआ एवं कुछ हिस्सा भूमि खाली है जिसे ग्रामीणों द्वारा बचाकर अन्य निस्तार हेतु रखा गया है। शासकीय भूमि पर अवैध कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है। आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है। ग्रामीणों ने शासकीय भूमि से एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने की मांग की है मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को लेकर भाजपा सरगुजा की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत भाजपा सरगुजा जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी को लेकर आज संकल्प भवन में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन, व्यवस्थाओं एवं संगठनात्मक दायित्वों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान संगठन को वैचारिक एवं कार्यात्मक रूप से मजबूत करने का महत्वपूर्ण अभियान है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग आवासीय होगा तथा इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, कार्य पद्धति एवं जनसेवा के मूलमंत्रों से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। संगठन जिला प्रभारी कृष्णकांत चन्द्रा ने कहा कि भाजपा संगठन प्रशिक्षण आधारित कार्य संस्कृति पर कार्य करता है। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं तथा सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे एवं संगठन जिला प्रभारी कृष्णकांत चन्द्रा के आतिथ्य तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, बस्तर संभाग सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह एवं नगर पालिक निगम अध्यक्ष हरमिंदर सिंह टिन्नी, मनोज कंसारी, शुभांगी बिहाड़े, जितेन्द्र सोनी, अनिल तिवारी, मयंक जायसवाल, संजीव वर्मा, प्रिया सिंह, अभिषेक सिंहदेव, अजय सोनी, विपिन पाण्डेय, दीपक सिंह तोमर, डॉक्टर शिवमंगल सिंह, अभय साहू, अंकित जायसवाल, जतीन परमार, धनंजय मिश्रा, रामप्रवेश पाण्डेय, अनीश सिंह, सत्यम साहू, रवि विश्वकर्मा, रवजोत रमन, सुधांशु चौबे, सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया सीएचसी, पीएचसी, आम्बा केंद्र का निरीक्षण

# पीएचसी रघुनाथपुर में नदारद स्वास्थ्य कर्मी, नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शनिवार को कलेक्टर अजीत वसंत ने लुंड्रा विकासखंड के स्वास्थ्य केन्द्रों, निर्माणाधीन आम्बा केंद्र के साथ ही अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान पीएचसी रघुनाथपुर में स्वास्थ्य कर्मियों के नदारत रहने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करने के साथ ही अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बता दें कि शनिवार को कलेक्टर अजीत वसंत व जिपं सीईओ विनय अग्रवाल लुंड्रा विकासखंड के दौरे पर निकले थे। इस दौरान वे सीएचसी धौरपुर एवं पीएचसी रघुनाथपुर के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। पीएचसी रघुनाथपुर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में नियमित साफ-सफाई कराने कहा, उन्होंने यहां संस्थागत प्रसव की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि हाईवे के नजदीक होने के कारण सडक दुर्घटना के प्रकरण अधिक आते है, उन्होंने इस हेतु स्वास्थ्य केन्द्र में एक ड्रेसर की व्यवस्था करने सीएमएचओ को निर्देशित किया। स्वास्थ्य केन्द्र में औषधि भण्डार का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि एक्सपायरी दवाईयों की नियमित जांच की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टाफ़ की उपस्थिति की जांच की, इस दौरान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं आयुष फार्मासिस्ट को कार्य से अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धौरपुर निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के सबंध में जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार में अंग्रेजी के साथ हिंदी भाषा में भी प्रचार सामग्री लगाया जाए। उन्होंने अस्पताल में शीघ्र ओटी शुरू करने प्रस्ताव तैयार करने सीएमएचओ को निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर के पुराने भवन का उपयोग भी आवश्यकतानुसार करने कहा। क्षेत्र में पहाड़ी कोरवा की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुये, उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री वसंत ने ग्राम करेसर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया।


### बस के नीचे कुचलकर ग्रामीण की मौत, उतरते समय अनियंत्रित होकर गिरा था नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर




बस चालक की लापरवाही से एक ग्रामीण की मौत हो गई। बस से नीचे उतरते समय चालक ने वाहन को आगे बढ़ा दिया और अनियंत्रित होकर जमीन पर गिरे ग्रामीण पर बस का पहिया चढ़ गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि ग्राम सरगड़ी निवासी 55 वर्षीय दिनेश कोड़ाकु मानसिक रूप से बीमार थे और अपना उपचार व झाड़ फूंक कराने के लिए रिस्तेदार के घर ग्राम ठरकी जा रहे थे। दिनेश कोड़ाकु अपने रिस्तेदार के साथ मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत संचालित दुर्गा बस क्रमांक सीजी 15 ईई 9908 से ग्राम ठरकी जाने के लिए निकले थे। इस दौरान सुबह 7.15 बजे बस झींगों स्थित पायल होटल के पास रुकी तो सभी यात्री बस से उतर रहे थे लेकिन जब दिनेश कोड़ाकू ने उतरने का प्रयास किया तो चालक ने हड़बड़ी में बिना देखे लापरवाही पूर्वक वाहन को आगे बढ़ा दिया। अचानक बस के आगे बढ़ने से नीचे उतर रहे दिनेश कोड़ाकू अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर गए और बस का चक्का उनके शरीर पर चढ़ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया। इसके साथ ही बस को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है।



# धमाल 4 और वेलकम टू द जंगल के बीच नहीं होगा क्लैश

**मुंबई।** अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म धमाल 4 और अक्षय कुमार की अदाकारी वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल का अब बॉक्स ऑफिस पर क्लैश नहीं होगा। खबर है कि अजय देवगन ने अपनी फिल्म की रिलीज डेट बदल ली है। बताया जाता है कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के क्लैश को लेकर अजय देवगन और अक्षय कुमार के बीच बातचीत हुई थी। इसके बाद बड़ा कदम उठाया गया है। अजय देवगन की फिल्म 'धमाल 4' पहले तीन जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब अभिनेता ने इसे 17 जुलाई को रिलीज करने का फैसला किया है। वहीं अब 'वेलकम टू द जंगल' 26 जून 2026 को रिलीज होगी। खबर है कि अजय देवगन और अक्षय कुमार ने आपस में बात की।


लाइफ Style

# अदिति
## रेड कार्पेट पर बिखेरा बोल्डनेस का जादू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदिति राव हैदरी 79वें कान फिल्म महोत्सव में शिरकत करने पहुंची हैं। फेस्टिवल के पहले दिन वे ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। साड़ी में उनका खूबसूरत अंदाज देख सभी दीवाने हो गए। दूसरे दिन उन्होंने रेड कार्पेट पर उपस्थिति दर्ज कराई।

वे वन शोल्डर थाई हाई स्लिट गाउन में नजर आईं। अदिति नियॉन मेटैलिक ग्रीन गाउन में दिखीं। उन्होंने इसके साथ चोकर नेकलेस कैरी किया। अदिति का ग्लैमरस अंदाज सबको पसंद आया है। इस शाइनिंग गाउन में उन्होंने गोल्डन फुटवियर्स पेयर किए हैं। अदिति राव ने हेयरस्टाइल बनाने के बजाय ओपन हेयर रखे। उन्होंने मिनिमम मेकअप से लुक कंपलीट किया है। रेड कार्पेट पर अदिति ने स्टाइलिश पोज दिए, वे फ्लाइंग किस करती नजर आईं। ट्रेल गाउन ड्रेस में अदिति के इस लुक ने पुराने हॉलीवुड स्टाइल की याद दिला दी। एक्ट्रेस ने इसे मॉर्डन टच दिया है। नेटिजंस अदिति की फिटनेस और कर्वी फिगर की तारीफ कर रहे हैं। अदिति राव हैदरी ने सोशल मीडिया पर अपना रेड कार्पेट लुक शेयर करते हुए लिखा है, 'कान स्टेट ऑफ माइंड! यहां आना सफल रहा'। अदिति के लुक पर नेटिजंस के पॉजिटिव रिएक्शंस आ रहे हैं, उनके ग्लैमर और स्टाइल की फैंस तारीफ कर रहे हैं। अदिति राव हैदरी पहले दिन साड़ी पहनकर कान फेस्टिवल में नजर आई थीं। 12 मई से शुरू हुए कान फिल्म फेस्टिवल में आलिया भट्ट से लेकर हुमा कुरैशी तक कई एक्ट्रेस पहुंची हैं। अदिति ने भी अपने स्टाइल और ग्लैमर से सबका ध्यान खींचा है।



हॉलीवुड मसाला



# हीरोइन को उठाया गोद में...

**पेरिस।** कान फिल्म फेस्टिवल में बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग होती है। साथ ही कई एक्ट्रेसेस के लुक भी चर्चा में रहते हैं। इस फिल्म फेस्टिवल से एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें एक एक्टर, एक हीरोइन को गोद में उठाता और बाद में दोनों डांस करते हैं। इवेंट में मौजूद हर फोटोग्राफर्स का ध्यान यह कथित कपल अपनी तरफ खींच लेता है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कारपेट पर एक कथित सेलेब्रिटी कपल नजर आया। काले रंग के गाउन में एक्ट्रेस दिलकश लग रही थीं।



# हार्वे से जुड़े दुष्कर्म मामले में हुआ मिसट्रायल ...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड प्रोड्यूसर हार्वे वीनस्टीन पर दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध का अरोप लगा, कुछ मामलों में सजा भी हुई। लेकिन दुष्कर्म का एक मामला तीन बार ट्रायल के लिए जा चुका है और अब तक किसी फैसले पर नहीं पहुंचा है। न्यूयॉर्क के एक जज ने प्रोड्यूसर हार्वे वीनस्टीन के दुष्कर्म मामले में मिसट्रायल (अधूरे मुकदमे) का ऐलान किया। यह केस अब तक तीन बार ट्रायल के लिए जा चुका है। दरअसल, इस केस में जूरी अब तक किसी एक फैसले पर नहीं पहुंच पाई। हार्वे वीनस्टीन पर एक हेयरस्टाइलिस्ट जेसिका मान ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इसी केस में ट्रायल चल रहा है। ट्रायल का अहम मुद्दा यही था कि क्या हार्वे वीनस्टीन ने 2013 में जेसिका मान के साथ दुष्कर्म किया था।



# बेटों की परवरिश सही तरीके से होः शेफाली


**मुंबई।** अभिनेत्री शेफाली शाह ने बच्चों की परवरिश को लेकर अपना नजरिया पेश किया है। खासकर ऐसी दुनिया में, जहां अल्फा मेल कल्चर और पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं को लेकर जोरदार बहसें चल रही हैं। शेफाली ने बताया कि उन्होंने अपने दोनों बेटों को परवरिश का एक बेहद सीधा-सादा नियम सिखाया है और उनका मानना है कि अच्छी परवरिश के नतीजे सामने आने से बहुत पहले ही इसकी शुरुआत हो जाती है। शेफाली शाह ने मां बनने और बेटों की परवरिश के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'हमारी बेटियां तभी सुरक्षित रहेंगी। जब हमारे बेटों की परवरिश सही तरीके से होगी। मैंने एक ऐसी बात सोची जो मैंने उन्हें बताई और मुझे लगता है कि यह बात हर किसी पर लागू होती है। आप दूसरों के साथ वैसा ही बर्ताव करें, जैसा आप खुद अपने साथ होने की उम्मीद करते हैं।



# तुम्बाड यूनिवर्स में हुई आलिया की एंट्री

**मुंबई।** आलिया भट्ट इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी मौजूदगी को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच अब एक्ट्रेस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया भट्ट जल्द ही 'तुम्बाड 2' का हिस्सा बनने वाली हैं। बॉलीवुड हंगामा की खबरों की मानें तो आलिया फिल्म में 15 दिनों का एक एक्सटेंडेड कैमियो करेंगी, लेकिन उनका किरदार कहानी के लिए काफी अहम होगा। इतना ही नहीं, उनका यही किरदार आगे जाकर 'तुम्बाड 3' में मुख्य भूमिका निभाएगा। बताया जा रहा है कि तीसरे पार्ट में आलिया, सोहम शाह के साथ लीड रोल में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, आलिया मई के अंत तक अपने कैमियो की शूटिंग पूरी कर लेंगी। इसके बाद वह 'लव एंड वॉर' की शूटिंग में व्यस्त हो जाएंगी।

टीवी मसाला



# कुशल और कायरा ने जीता स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** 'स्प्लिट्सविला एक्स 6' का आखिरकार ग्रैंड फिनाले हो गया है और कुशल तंवर (गुल्लू) और कायरा अनू ने यह शो जीत लिया है। इस डेटिंग रियलिटी शो को जीतने पर कुशल तंवर और कायरा को ट्रॉफी के साथ 20 लाख रुपये की प्राइज मनी भी मिली। फिनाले में उनकी टक्कर योगेश रावत और रुरु ठाकुर से थी। यह सीजन खूब ड्रामा, ट्विस्ट और लड़ाई-झगड़ों से भरा रहा। कपल्स के बीच भी खूब कांटे की टक्कर देखने को मिली। 'स्प्लिट्सविला 16 के ग्रैंड फिनाले में ब्रीफकेस टास्क भी था, जिसकी राशि 5 लाख रुपए थी। चूंकि, किसी ने भी 5 लाख रुपए से भरा ब्रीफकेस नहीं लिया, इसलिए इनाम की राशि 20 लाख रुपए ही रही। स्प्लिट्सविला के इस सीजन में सेमी-फिनाले में चार जोड़ियां पहुंचीं। ये जोड़ियां थीं- कुशल तंवर (गुल्लू) और कायरा अनु, योगेश रावत और रुरु ठाकुर, सोराब बेदी और निहारिका तिवारी, और तायने और सौंदर्या शेट्टी। इन चारों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखी गई। कड़े मुकाबले और वोटिंग के बाद गुल्लू-कायरा, और योगेश-रुरु शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचीं। उसमें गुल्लू और कायरा की जोड़ी ने योगेश और रुरु को कड़ी टक्कर दी और विनर बन गए। **Splitsvilla X6** जीतने के बाद कुशल तंवर (गुल्लू) ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह और कायरा यह शो जीतना डिजर्व करते थे। उन्होंने फैंस का भी शुक्रिया अदा किया। कुशल तंवर बोले, 'आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने मेरा साथ दिया। जीतने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।

## मैं बहुत फ्री हूं, मुझे कुछ काम दो : तान्या

**नई दिल्ली।** एक वायरल वीडियो में तान्या मित्तल पैपराजी से बातचीत कर रही हैं। इस वीडियो में वह साड़ी पहने नजर नहीं आ रही हैं, बल्कि एक ब्लू गाउन में दिख रही हैं। फैंस भी इस लुक में देखकर हैरान हुए। तान्या के लुक पर जमकर रिएक्शन दिए। इसके अलावा तान्या ने वर्कफ्रंट को लेकर भी कुछ बातें कहीं। तान्या मित्तल ने वायरल वीडियो में पैपराजी से पहले कुछ खाने-पीने के लिए पूछा। लेकिन, सबने मना कर दिया। फिर वह बोलीं- 'मैं बहुत फ्री हूं, मुझे कुछ काम दो। मुझे अच्छा लगेगा, अगर आप लोग कुछ खाएंगे। मैं यहां सिर्फ फोटो क्लिक करवाने थोड़े आती हूं।'इसके बाद तान्या मुस्कुरा दीं। तान्या के गाउन लुक और उनके व्यवहार को फैंस ने खूब सराहा, कमेंट सेक्शन में उन्हें एक अच्छा इंसान बताया और फायर, हार्ट इमोजी शेयर किए। तान्या अब शो बिजनेस में आ रही हैं तो उनका लुक अब बदलने लगा है।



# किंग का रास्ता साफ! शक्ति शालिनी की रिलीज डेट में हुआ बदलाव...


**नई दिल्ली।** मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म शक्ति शालिनी में अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह हॉरर थ्रिलर, शाह रुख खान की फिल्म किंग के साथ सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। फिल्म की रिलीज डेट 24 दिसंबर 2026 को तय की गई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि शक्ति शालिनी का शाह रुख खान की फिल्म के साथ क्लैश नहीं होने वाला है। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, शक्ति शालिनी की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई है। फिल्म अब 24 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक नहीं देगी। फिल्म की रिलीज डेट एक महीने आगे बढ़ा दिया गया है। इसकी वजह किंग बताई जा रही है। मेकर्स नहीं चाहते हैं कि फिल्म का क्लैश हो। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फिल्म जनवरी 2027 में आ सकती है। हालांकि, अभी तारीख डिसाइड नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि कॉकटेल 2 के बाद रिलीज डेट क्लियर होगी। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही शक्ति शालिनी के प्रोडक्शन का काम आखिरी फेज में पहुंच गया है। इस फिल्म में सैयारा की हीरोइन अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में उनका डबल रोल है। टाइटल क हिसाब से वह शक्ति (रक्षक) और शालिनी (बुरी ताकत) के किरदारों में दिखाई देंगी। बात करें फिल्म की कहानी की तो यह बंगाली लोककथाओं और पौराणिक कथाओं पर आधारित है। अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाली शाश्वत लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमने वाली फिल्म की कहानी एक ऐसी भूतनी की होगी जो मर्दों को सजा देती है जिसने उसके साथ विश्वासघात किया था और उसे बेरहमी से मार डाला था। इस भूतनी को नष्ट करने के लिए रक्षक बनकर एक शक्ति आती है।




# वीकेंड पर पति-पत्नी और वो दो की चांदी करुप्पु की कमाई में जबरदस्त उछाल...

**मुंबई।** वीकेंड का इंतजार उन स्टार्स, फिल्ममेकर्स को बेसब्री से रहता है, जिनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन की दौड़ में शामिल रहती हैं। आयुष्मान खुराना की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म पति पत्नी और वो दो के अलावा संजय दत्त की ड्रामा फिल्म आखिरी सवाल को सिनेमाघरों में दो दिन हो चुके हैं।

**पति पत्नी और वो दो की बढ़ी कमाई :** सैकनिल्क के अनुसार फिल्म पति पत्नी और वो दो ने दूसरे दिन 5.75 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि पहले दिन 4 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इस फिल्म ने शनिवार को अपने कलेक्शन में इजाफा किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन 9.75 करोड़ रुपएहो चुका है। फिल्म पति पत्नी और वो दो में आयुष्मान खुराना, अलावा सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में हैं।




**आखिरी सवाल को भी मिला फायदा :** वीकेंड का फायदा संजय दत्त की फिल्म आखिरी सवाल को भी मिला है। शनिवार को इसकी कमाई में भी मामूली बढ़ोतरी हुई है। इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन 73 लाख रुपए कमाए हैं। जबकि पहले दिन 40 लाख रुपए कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1.13 करोड़ रुपए हो चुका है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच ज्यादा क्रेज देखा नहीं जा रहा है।

**करुप्पु का बॉक्स ऑफिस पर जलवा :** सूर्या स्टारर फिल्म करुप्पु बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन 23.40 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि ओपनिंग डे पर इस साउथ फिल्म ने 15.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इस फिल्म ने कुल 38.90 करोड़ रुपए की कमाई की है। सूर्या स्टारर इस फिल्म में तृषा कृष्णनन भी अहम भूमिका में हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर इस फिल्म की खूब चर्चा है।

**कृष्णावतारम पार्ट 1 :** फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट 1' को थिएटर में 10 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 10वें दिन 2.30 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि 9वें दिन 1.20 करोड़ रुपएकी कमाई की है। फिल्म ने कुल 17.02 रुपएका कलेक्शन कर लिया है। यह माइथोलॉजिकल फिल्म दर्शकों को भा रही है।

## डेन ने 80 से लेकर 90 के दशक तक फिल्मी पर्दे पर खूब निभाए विलेन के रोल

# इंडस्ट्री की राजनीति से टूटा दिल, एक्टिंग छोड़ बना सेलर, चला रहा होमस्टे

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जब भी आइकॉनिक या खूंखार विलेन्स की बात आती है, तो दिलो-दिमाग में मोगेम्बो से लेकर शाकाल और गब्बर जैसे किरदार आते हैं। कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने विलेन बनकर फिल्मी पर्दे पर खूब पॉपुलैरिटी पाई, पर कुछ ने इंडस्ट्री छोड़ दी, तो कुछ गुमनामी में खो गए और कुछ इस दुनिया से चल बसे। अमजद खान और अमरीश पुरी से लेकर प्राण, डैनी डेंजोंगपा, अजीत, प्रेम चोपड़ा और आशुतोष राणा तक ढेरों ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ खूंखार अंदाज और भारी आवाज से विलेन के रूप में दर्शकों के दिलों में भी डर पैदा कर दिया था। ऐसे ही एक विलेन की कहानी आपको बता रहे हैं। इनका नाम है डैन धनोआ, जिन्होंने 80 से लेकर 90 के दशक तक फिल्मी पर्दे पर खूब विलेन के रोल निभाए। इन्हें हिंदी सिनेमा का 'आखिरी स्टार विलेन' भी माना जाता है। लेकिन, कुछ ऐसा हुआ कि डैन धनोआ ने फिर अचानक ही फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ एक्टिंग छोड़ दी और मर्चेंट नेवी में सेलर बन गए।*

### पिता एक्टिंग के सख्त खिलाफ थे

जिन लोगों ने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'मर्द' देखी है, तो उसमें डैन धनोआ को जरूर देखा होगा। उसमें डैन धनोआ ने विलेन का रोल किया था। घोड़े पर बैठकर डैन धनोआ एंट्री मारते हैं और बोलते हैं- मैं हूं जनरल डायर का बेटा डैनी। इसी डायलॉग और किरदार ने डैन धनोआ को रातोंरात मशहूर कर दिया था। इसके बाद उनके पास फिल्मों के ऑफर्स की लाइन लग गई थी। हालांकि, डैन धनोआ के पिता एक्टिंग के सख्त खिलाफ थे। वह चाहते थे कि बेटा मां की तरह डॉक्टर बने, पर डैन धनोआ एक्टर भी नहीं बनना चाहते थे। वह पढ़ाई पूरी करने के बाद मर्चेंट नेवी में चले गए। फिल्मों में आना बस एक इत्तेफाक था। कैसे वह फिल्मों में आए थे, यह भी इस स्पेशल में बताएंगे। डैन धनोआ 28 फरवरी, 1959 को पंजाब के जालंधर में सिख परिवार में पैदा हुए थे और उनका असली नाम इंद्रप्रीत सिंह धनोआ है। हालांकि, फिल्मों में आने के बाद वह डैन धनोआ के नाम से मशहूर हो गए। डैन धनोआ के पिता मेजर जनरल सरदार सिंह धनोआ थे, और मां कैप्टन डॉ. परमजीत कौर धनोआ। वो आर्मी में डॉक्टर थीं। इस कारण डैन धनोआ को शुरुआत से ही अनुशासन और कड़ी मेहनत का गुण विरासत में मिला था।



### फिरोज ने जानबाज में किया साइन

फिरोज खान ने उन्हें फिल्म 'जानबाज' में साइन किया। डैन धनोआ को एक्टिंग नहीं आती थी, तो एक्टिंग वर्कशॉप कराई और लुक टेस्ट भी लिया। हालांकि, वह फिल्म किसी वजह से बंद हो गई। डैन धनोआ को डैन नाम भी फिरोज खान ने ही दिया था। और फिर जब साल 1986 में 'जानवर' फिल्म दोबारा बननी शुरू हुई, तो उसमें डैन धनोआ को कोई रोल नहीं मिला। इस तरह फिरोज खान और डैन धनोआ के रास्ते अलग हो गए।

### दिमाग में फिल्मों में जाने का ख्याल भी नहीं था

फिल्मों की बात करें, तो डैन धनोआ गलती से इस लाइन में आ गए थे। एक इंटरव्यू में डैन धनोआ ने बताया था कि उस वक्त ज्यादा नौकरियां नहीं थीं, तो उन्होंने मॉडलिंग शुरू कर दी। हालांकि, तब भी दूर-दूर तक उनके दिमाग में फिल्मों में जाने का ख्याल भी नहीं था। लेकिन साल 1984 की बात है। एक्टर फिरोज खान ने अपनी सिल्वर जुबली हिट फिल्म 'कुर्बानी' के लिए एक पार्टी रखी थी, और उसी में डैन धनोआ भी थे। उन पर फिरोज खान की नजर पड़ी, तो लुक्स और पर्सनैलिटी से प्रभावित हो गए।

### 'मर्द' ने किस्मत चमका दी

मनमोहन देसाई ने डैन धनोआ को 'मर्द' में साइन किया और इस फिल्म ने उनकी किस्मत चमका दी। इस फिल्म में डैन धनोआ का विलेन का रोल मिला था, और वह छा गए। इसके बाद फिर तो लगभग हर फिल्म में डैन धनोआ को विलेन या फिर नेगेटिव रोल में ही साइन किया जाने लगा। उन्होंने 'शहंशाह', 'त्रिदेव', 'तूफान', 'फूल और कांटे' और 'विश्वात्मा' जैसी फिल्में कीं।

### फिल्म इंडस्ट्री से दूरी बना ली

लेकिन फिर 90 के दशक में डैन धनोआ ने फिल्म इंडस्ट्री से हमेशा के लिए दूरी बना ली। उन्होंने फिल्में करना छोड़ दिया। इसकी क्या वजह थी? यह एक्टर ने 'चाय के साथ दिल की बात' यूट्यूब चैनल को एक इंटरव्यू में बताई थी। डैन धनोआ ने कहा था, 'मैं फिल्म इंडस्ट्री का आदमी नहीं था। मैं आउटसाइडर था। मुझे इंडस्ट्री के तौर-तरीके समझ नहीं आते थे, जैसे काम मांगना और फिर पेमेंट की मांग करना। यह सब मेरे बस की बात नहीं थी।' डैन धनोआ के मुताबिक, कुछ प्रोड्यूसर्स ने उनके साथ जो बर्ताव किया, उससे वह निराश हो गए और 2000 के आसपास बॉलीवुड छोड़ दिया।

### डैन धनोआ की हिट फिल्में

मर्द (1985), कर्मा (1986), शहंशाह (1988), त्रिदेव (1989), सनम बेवफा (1991), फूल और कांटे (1991),विश्वात्मा (1992)।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान आज से

**मनेन्द्रगढ़।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान-सूचीकरण एवं भवन गणना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जनगणना कार्य निदेशालय छग रायपुर के निर्देशानुसार जिले में 19 से 20 मई तक विशेष नुक्कड़ नाटक सह एलईडी वैन उपलब्ध रहेगी, जिसके माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना के महत्व, प्रक्रिया और नागरिक सहभागिता को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह अभियान जनगणना 2027 को सफल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिसके तहत जिले के विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण चार्ज क्षेत्रों में निर्धारित समय अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनसंवाद और दृश्य-श्रव्य माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जाएगा। 19 मई जनकपुर, भरतपुर एवं कोटाडोल में अभियान जनकपुर नगनीय प्रातः 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक, जनकपुर बस स्टैंड के पास भरतपुर ग्रामीण समय दोपहर 1 से 3 बजे तक स्थान बहरासी बस स्टैंड कोटाडोल ग्रामीण समय दोपहर 4 से सायं 6 बजे तक स्थान बाजार स्थल, कोटाडोल 20 मई मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी एवं खड़गवां में कार्यक्रम मनेन्द्रगढ़ नगरीय समय प्रातः 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक स्थान नगरपालिका कार्यालय के पास, सब्जी मंडी मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी नगरीय समय दोपहर 1 से 3 बजे तक स्थान यातायात चौक, हल्दीबाड़ी खड़गवां ग्रामीण समय दोपहर 4 से सायं 6 बजे तक स्थान बाजार स्थल रतनपुर में होगा।

### भारतीय मजदूर संघ की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



**अम्बिकापुर।** भारतीय मजदूर संघ की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 16 एवं 17 मई को श्रीमती शोभा सिंहदेव की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मन्दिर में हुई। बैठक में सी. वी. राजेश ने संगठन के विस्तार, उसकी कार्यशैली तथा भारतीय मजदूर संघ की विचारधारा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने एवं प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठनात्मक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु छह वरिष्ठ पदाधिकारियों को राज्य स्तरीय सेक्टर प्रभारी नियुक्त किया गया साथ ही प्रत्येक जिले के सुचारु संचालन एवं संगठन विस्तार के उद्देश्य से जिला प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई।बैठक में श्रमिक हितों एवं लंबित मांगों को लेकर 1 अक्टूबर 2026 को रायपुर में आक्रोश रैली निकलने का निर्णय लिया गया।इस दौरान सी. वी. राजेश, क्षेत्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुमार पांडेय, राधेश्याम जायसवाल, गिरजा शंकर आचार्य, शंकध्वनि सिंह बनाफर आदि उपस्थित थे।

## ई डिस्ट्रिक और आरजीआई पोर्टल के बीच लटका मामला

# जनवरी 2020 में जन्मे बच्चों का नहीं बन पा रहा डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यदि आपके बच्चे का जन्म भी जनवरी 2020 में हुआ है तो आपको भी निगम की लापरवाही के कारण परेशानियों का सामना कर पड़ सकता है। ऐसा इस लिए क्यों कि नगर निगम में इन एक महीने के भीतर जन्में बच्चों के जन्म से जुड़ा डाटा मौजूद ही नहीं है और इस बात की जानकारी निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को भी नहीं थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब एक पिता अपने बच्चे का डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र लेने के लिए पहुंचा। अब पिता बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए भटक रहा है।

**खास बात**
- नहीं हो पाया डेटा ट्रांसफर, प्रमाण पत्र बनवाने भटक रहा पिता

बता दें कि एक पिता को अपने बच्चे का आधार कार्ड बनवाना है। आधार कार्ड तो च्वाइस सेंटर या पोस्ट ऑफिस से बनाया जाएगा लेकिन इसके लिए बच्चे का डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र आवश्यक होता है। यही वजह है कि डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र के लिए पिता निगम कार्यालय से लेकर एसडीएम व कलेक्टर कार्यालय तक का चक्कर लगा लिया लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। इसे लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार शहर के शिकारी रोड निवासी दिग्विजय शुक्ला की बेटी का जन्म जनवरी 2020 में हुआ था। बेटी के जन्म के बाद उन्होंने नगर निगम में जाकर जन्म प्रमाण पत्र भी बनवाया था लेकिन उस समय नगर निगम में जन्म प्रमाण पत्र बनाने का कार्य ई डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से किया जाता था और अब आधार कार्ड बनवाने के लिए केंद्र सरकार के आरजीआई पोर्टल के जरिए जारी किया गया जन्म प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। यही कारण है कि दिग्विजय शुक्ला पोस्ट आफिस जाकर आधार कार्ड बनवाने की कोशिश कर रहे है तो ये जन्म प्रमाण पत्र काम नही आ रहा। उन्होंने बताया कि निगम से लेकर कलेक्टर जनदर्शन तक इसके लिए गुहार लगा चुके है कि उन्हें आरजीआई से जारी जन्म प्रमाण पत्र ही नही मिल पा रहा।



**लगभग 500 बच्चों का डाटा नहीं हुआ ट्रांसफर**

इस मामले में अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार नगर निगम द्वारा ई डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से बनाए गए जन्म प्रमाण पत्र को आरजीआई पोर्टल के तहत फिर से बनाया जा रहा है। इसके लिए डाटा सांख्यिकी विभाग के राज्य स्तरीय पोर्टल से निगम के पोर्टल में ट्रांसफर किया जाना है। अब तक लगभग 33 हजार डेटा निगम को ट्रांसफर भी हो चुका है मगर 1 जनवरी 2020 से लेकर 31 जनवरी 2020 तक का डेटा जिसमे 500 के करीब जन्म प्रमाण पत्र जारी हुए है निगम को ट्रांसफर ही नही हो पाए है और यही कारण है कि निगम आरजीआई पोर्टल से इन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र की जानकारी नहीं है और विदुषी का जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम जारी नहीं कर पा रहा है।

### दो महीने में भी नहीं हुआ समस्या का समाधान

अधिकारी जल्द ही डाटा ट्रांसफर की प्रक्रिया पूर्ण होने की बात कह रहे है लेकिन महीनों का समय बीत जाने के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। बड़ी बात यह है कि पोर्टल से एक महीने में जन्में बच्चों का डाटा ही गायब है और इसे लेकर अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे है। ऐसे में आने वाले समय में लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### किया गया है पत्रचार

पहले जन्म प्रमाण पत्र ई डिस्ट्रिक पोर्टल से बनाया जाता था और अब केंद्र सरकार के आरजीआई पोर्टल से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनने लगा है। अधिकतर डाटा ट्रांसफर हो चुका है सिर्फ एक महीने का डाटा ट्रांसफर नहीं हो पाया है। कुछ लोगों को समस्या आ रही है। इसके लिए पत्राचार किया गया है प्रक्रिया चल रही है। डाटा ट्रांसफर होने के बाद सुविधा मिलने लगेगी।

-डीएन कश्यप
आयुक्त ननि

## औषधि विक्रेता संघ ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**मनेन्द्रगढ़।** अविभाजित कोरिया जिला औषधि विक्रेता संघ के सचिव सुरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ केमिस्ट एवं संघ के संरक्षक नरेन्द्र अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने 20 मई को प्रस्तावित अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में होने वाले राष्टीय बंद के संबंध में चर्चा करते हुए जनस्वास्थ्य पर उत्पन्न गंभीर खतरे तथा छोटे केमिस्टों के संरक्षण के लिए हस्तक्षेप की मांग की।

- मांगों को लेकर कल दवा दुकान रहेंगी बंद

प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री से आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, वहीं छोटे दवा व्यवसायियों का अस्तित्व भी संकट में है। ज्ञापन में संघ द्वारा कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं, जिनमें अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरूद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई, बिना वैध एवं सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री एवं होम डिलीवरी पर पूर्ण प्रतिबंध, जीएसआर 817(ए) एवं जीएसआर 220(ए) को तत्काल वापस लेने तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा दी जा रही अत्यधिक छूट एवं प्रीडेटरी प्राइसिंग नीति पर रोक लगाने की मांग शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने दवा विक्रेताओं की मांगों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए तत्काल छग शासन के सचिव को पत्र प्रेषित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी जायज मांगों के समर्थन में हर संभव प्रयास किया जाएगा। दवा विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि 20 मई को अपनी मांगों के समर्थन में राष्टीय स्तर पर दवा दुकानें बंद रहेंगी। हालांकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आपातकालीन सेवाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। प्रतिनिधिमंडल में प्रमोद अग्रवाल, मनोज नेताम, मनीष शिवहरे, राजेश गोयल, अनुराग जैन, सौरभ ताम्रकार, सावन कुमार शर्मा, आनंद साहू एवं विशेष सोनी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के 12 बच्चों को स्वर्ण पदक

**अम्बिकापुर।** कोरबा जिले में आयोजित किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सरगुजा के बारह बच्चों ने स्वर्ण पदक जीता। विगत दिनों पूर्व उर्जाधानी कोरबा में राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सरगुजा के चौदह बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में शामिल चौदह प्रतिभागियों में से बारह बच्चों ने स्वर्ण पदक हासिल किया। आनंदम स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित सम्मान समारोह में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। किक बॉक्सिंग क्लब के अध्यक्ष विन्धेश्वर शरण सिंहदेव ने सभी विजेता रहे बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष विंधेश्वर शरण सिंहदेव ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी अपनी पकड़ रखनी चाहिए। शरीर स्वस्थ रहेगा तो आपका परफॉरमेंस हर क्षेत्र में हमेंशा उत्कृष्ट रहेगा। गोल्ड मेडल से विजेता बच्चों शौर्यवर्धन सिंह, आदित्य सोनी, विशेष, आदर्श, संगीता, नुपुर, कीर्ति को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह, अतुल मेहता, राघवेन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

## सशिमं में समर कैंप, व्यवस्थापक ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ में बीते 1 मई से लगातार चल रहे समर कैंप में भैया बहन बड़ी संख्या में उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं। इस कैंप में छात्रों को नृत्य, संगीत, योग, चित्रकला, हस्तकला नाटक एवं व्यक्तित्व विकास आदि सिखाया जा रहा है। आज कैंप के आठवें दिन भैया बहनों के प्रशिक्षण उपरांत प्रदर्शन का अवलोकन विद्यालय के व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्र प्राचार्य विनोद शुक्ला, गोपाल गुप्ता तथा अभिभावकों के द्वारा किया गया।

व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्रा एवं गोपाल गुप्ता द्वारा भैया बहनों द्वारा प्रस्तुत नाटक शिक्षा का महत्व का अवलोकन कर प्रशंसा करते हुए छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया साथ ही नृत्य, चित्रकला एवं हस्तशिल्प की भी सराहना करते हुए छात्रों का उत्साह बढ़ाया गया। इस समर कैंप में आचार्य और आचार्यों द्वारा अहम भूमिका दिखाई दे रही है, जिन्होंने भैया बहनों को ग्रीष्मकल में प्रातः तैयार होकर आना प्रातः स्मरण दैनिक उपासना को भैया बहनों के दैनिक जीवन में समावेशित किया। इस समर कैंप में श्रीमती दुर्गा माली, मोनिका श्रीवास्तव, नम्रता ताम्रकार, सेजल के शेरवानी, राकेश पांडे, श्रीमती रत्नमानी केसरवानी, मंजुला सोनी, नीतू सिंह, कुमारी पलक पांडे, श्रीमती खुशबू तिवारी आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## राजलक्ष्मी होम्योपैथिक का शुभारंभ



**मनेन्द्रगढ़।** शहर में सोमवार को राजलक्ष्मी होम्योपैथिक क्लिनिक एवं मेडिकल स्टोर का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर क्लिनिक का उद्घाटन किया तथा क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की। तहसील कार्यालय के सामने, वर्धमान कपड़ों के बगल में प्रारंभ हुए इस क्लिनिक के उद्घाटन अवसर पर काफी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, चिकित्सक, व्यापारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सक डॉ. रश्मि सोनकर ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति आज लोगों के बीच विश्वास का माध्यम बन रही है और मरीजों को कम खर्च में बेहतर उपचार उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने क्लिनिक में आने वाले मरीजों को समर्पित सेवा देने का भरोसा दिलाया। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि मनेन्द्रगढ़ जैसे क्षेत्र में नए चिकित्सा संस्थान खुलने से लोगों को राहत मिलेगी और स्थानीय स्तर पर उपचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने क्लिनिक संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनसेवा के भाव से किया गया कार्य सदैव समाज के लिए लाभकारी होता है। मंत्री ने उपस्थित लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील भी की। कार्यक्रम में डॉ. तेजकांत सोनकर, नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, पार्षद श्रीमती नीलू यादव, श्याम सुंदर पोद्दार, राहुल सिंह, रोहित वर्मा, एमपी सिंह, मृत्युंज सोनी सहित परिवार के सदस्य, शुभचिंतक सहित काफी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## मनरेगा की मदद से बदली किसान मंगलसाय की तकदीर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लगे ग्राम कंचनपुर निवासी किसान मंगलसाय के लिए कभी पशुपालन और दुग्ध उत्पादन का कार्य घाटे का सौदा साबित हो रहा था, लेकिन मनरेगा योजना के तहत मिले पक्के पशु शेड ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव ला दिया। अब यही व्यवसाय उनके लिए अच्छी आय का जरिया बन गया है। मंगलसाय लंबे समय से दुधारू पशुओं के माध्यम से दूध उत्पादन का कार्य कर रहे थे, लेकिन पक्के शेड के अभाव में बारिश और ठंड के मौसम में पशु लगातार बीमार पड़ जाते थे।

साफ-सफाई और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं होने से दूध उत्पादन भी प्रभावित होता था। परिणामस्वरूप उन्हें व्यवसाय में कोई विशेष लाभ नहीं मिल पा रहा था। ग्राम पंचायत के माध्यम से मनरेगा योजना के तहत लगभग सवा लाख रूपए की लागत से मंगलसाय के लिए पक्का पशु शेड तैयार कराया गया। शेड बनने के बाद पशुओं की देखभाल आसान हो गई



और बीमारियां भी कम हो गई, इसका सीधा असर दूध उत्पादन पर पड़ा। मंगलसाय ने बताया कि अब प्रतिदिन लगभग 25 से 30 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। पहले जहां आमदनी केवल खर्च निकालने तक सीमित थी, वहीं अब उन्हें अच्छा मुनाफा मिलने लगा है। बढ़ती आय से उत्साहित होकर वह अपने डेयरी व्यवसाय का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। मनरेगा योजना के तहत मिली यह सहायता ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और पशुपालकों के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का बेहतर उदाहरण बनकर सामने आई है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में एल्गोएरीना मिनी हैकाथॉन का आयोजन

**अम्बिकापुर।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा एल्गोएरीना मिनी हैकाथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की तकनीकी प्रतिभा, नवाचार क्षमता एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति बढ़ती रुचि को प्रोत्साहित किया किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया साथ ही तकनीकी एवं नवाचार आधारित क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर. एन. खरे ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सही उपयोग एवं उसके दुरुपयोग से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक का उपयोग समाजहित, नवाचार एवं सकारात्मक परिवर्तन के लिए करने हेतु प्रेरित किया।इस दौरान समन्वयक डॉ. मोहनराव मामडीकर, सुश्री काजल कुमारी, सुश्री स्वीटी समादार, सुश्री रितिका एवं श्रीमती वीना दुबे उपस्थित थीं।हैकाथॉन का मुख्य विषय कॉलेज आधारित एआई चैटबॉट सिस्टम तैयार करना था। इस चुनौती को विद्यार्थियों ने रचनात्मकता एवं तकनीकी समझ के साथ पूरा किया। प्रतिभागियों द्वारा विकसित एआई चैटबॉट मॉडल विकसित मॉडल में कॉलेज से संबंधित जानकारी, छात्र सहायता एवं डिजिटल संवाद को अधिक सरल एवं प्रभावी बना सकते हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अनूपपुर पुलिस की...

पूरे अंतर्राज्यीय नशा तस्करी नेटवर्क की तलाश में जुटी है। मामले में मोबाइल कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं और गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, एएसआई विनोद नाहर, संतोष पट्टा, उमेश तिवारी सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### संगीतमयी श्रीराम कथा...

नाचते-गाते शिवजी की बारात का ऐसा सजीव चित्रण हुआ कि श्रद्धालुओं को स्वयं शिव बारात में उपस्थित होने का अनुभव हुआ। भक्तों ने पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया। शिव-पार्वती विवाह की आकर्षक झांकी सजाई गई तथा महिलाओं ने मंगल गीत गाकर विवाह संस्कार संपन्न कराया। कार्यक्रम के अंत में महाआरती हुई, इसके बाद नौ दिवसीय विशाल भंडारे में प्रदेशभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण की।

### खरसिया, छाल और पुसौर में शराब जब्त

**रायगढ़।** अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खरसिया, छाल और पुसौर थाना क्षेत्रों में मुखबिर सूचना पर अलग-अलग कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल 58 लीटर अवैध महुआ एवं देशी शराब जब्त कर 3 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। छाल पुलिस ने शराब रेड कार्रवाई में आरोपित चैन सिंह से भारी मात्रा में शराब जप्त की है । पुलिस ने ग्राम हाटी बाजार पारा के पीछे एक व्यक्ति महुआ शराब बिक्री करते पकड़ा है। छाल पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी चैनसिंह राठिया पिता स्वर्गीय देवसिंह राठिया उम्र 50 वर्ष निवासी कीदा को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से अलग-अलग प्लास्टिक जरीकेनों में भरी कुल 35 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। वहीं पुसौर पुलिस ने एक व्यक्ति स्कूटी में अवैध शराब लेकर तेतला की ओर जाते पकड़ा है।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन सड़क से लेकर पेट्रोल पंप तक विरोध

**रायगढ़।** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों और जरूरी सामानों के दामों को लेकर कांग्रेस अब सड़क से सोशल मीडिया तक बड़ा अभियान चला रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर रविवार से प्रदेश सहित जिले में चार दिवसीय चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया है। जिला और ब्लॉक मुख्यालयों में चलाए जा रहे इस आंदोलन के जरिए कांग्रेस केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों को मुद्दा बनाकर जनता के बीच पहुंचने की तैयारी में है।

आंदोलन की शुरुआत 17 मई को पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और कथित कृत्रिम किल्लत के विरोध से किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता घड़ी चौक और स्टेशन चौक स्थित पेट्रोल पंप के बाहर धरना दिया। इस दौरान बैनर, पोस्टर और नारेबाजी के जरिए महंगाई को लेकर केंद्र सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई। पार्टी नेताओं को आम लोगों से बातचीत कर उनके अनुभव रिकॉर्ड करने और उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करने की बात कही जा रही है। कांग्रेस का कहना है कि महंगाई पर सरकार लगाम लगाने में नाकाम साबित हुई है, भाजपा की सरकार के कार्यकाल में लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है। जिससे आम लोग त्रस्त हो चुके हैं। हर तरफ से लोग इस सरकार से परेशान हैं। वहीं आंदोलन के दूसरे दिन कांग्रेस खाद्य सामग्री की बढ़ती कीमतों को लेकर किराना बाजारों में प्रदर्शन करेगी। खाद्य तेल, दाल, चावल और अन्य जरूरी सामानों के बढ़ते दामों को लेकर व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद किया जाएगा।




### सराफा बाजारों में भी पहुंचेगी कांग्रेस

19 मई को कांग्रेस का फोकस सराफा कारोबार पर रहेगा। पार्टी का दावा है कि सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों के कारण आम परिवारों के लिए शादी-ब्याह में जेवर खरीदना मुश्किल हो गया है। इसी मुद्दे को लेकर सराफा बाजारों में प्रदर्शन कर व्यापारियों और कारीगरों से चर्चा की जाएगी। कांग्रेस इसे रोजगार और छोटे कारोबार से जुड़ा बड़ा संकट बता रही है।

## डॉ.सपन सिन्हा बने हिन्दी परिषद् के संभागीय संयोजक

**अम्बिकापुर।** नगर के विख्यात साहित्यकार डॉ.सपन कुमार सिन्हा को हिन्दी परिषद का संभागीय संयोजक नियुक्त किया गया है। हिन्दी प्रचार प्रसार के लिए समर्पित वैश्विक संस्था विश्व हिन्दी परिषद् के राष्ट्रीय महासचिव डॉ.विपिन कुमार ने सरगुजा संभाग में हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं संस्था के कार्यों का क्रियान्वयन हेतु डॉ.सपन कुमार को संस्था का संभागीय संयोजक मनोनित किया है। डॉ.सिन्हा के मनोनयन पर डॉ.गुप्ता ने कहा है कि इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र में विश्व हिन्दी परिषद अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल रहेगी।



